an>

Title: Regarding Delay in the Construction of National Highway between Varanasi and Machhlishahar

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर) : सभापति जी, मेरे क्षेत्र मछलीशहर में मां विन्ध्यवासिनी धाम मिर्जापुर जो माननीय प्रधान मंत्री जी के लोक सभा क्षेत्र वाराणसी विश्वनाथ धाम को अयोध्या से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना 135(A) जौनपुर से बदहोई के निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है ।... (व्यवधान) मिर्जापुर जिसका टेंडर भी किया जा चुका है । साथ ही वाराणसी को मछलीशहर जंघईपुर-दुर्गागंज को जोड़ने वाले राजमार्ग 730 (B) के लिए भी लगभग 700 करोड़ रुपये की पहले ही स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है ।... (व्यवधान) दोनों परियोजनाओं का प्रस्ताव राज्य सरकार एवं एनएच विभाग द्वारा बार-बार संबंधित मंत्रालय के अधीन फारेस्ट विभाग को भेजा जा रहा है लेकिन संबंधित अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण उक्त इस मामले को कई महीनों से जान-बूझकर लटकाया जा रहा है ।... (व्यवधान) इस प्रस्ताव को कई बार लौटाया जा रहा है ।... (व्यवधान)

अत: मैं सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि उक्त दोनों मामलों में शीघ्र ही फारेस्ट क्लीयरेंस दिलाने की कृपा करें, जिससे माननीय प्रधान मंत्री जी के विकास का विजन व्यापक रूप ले सके ।... (व्यवधान)